ceedchandauli170@gmail.com

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,खण्ड कार्यालय,उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)–चन्दौली।

पत्रांक 3360/ पेयजल-कोल/ 118 दिनांक 05.06.26

सेवा में,

जिलाधिकारी,
जनपद चन्दौली।

**विषयः–** **दैनिक समाचार पत्र "अमर उजाला" में प्रकाशित समाचार शीर्षक "जर्जर पाइपलाइन से पांच हजार घरों तक पहुंच रहा दूषित पानी" के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपर्युक्त विषयक हिन्दी "अमर उजाला" में दिनांक– 03.06.2026 को प्रकाशित शीर्षक "जर्जर पाइपलाइन से पांच हजार घरों तक पहुंच रहा दूषित पानी" के सम्बन्ध में आख्या निर्धारित प्रारूप पर संलग्न कर प्रेषित है।

सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**संलग्नक– उपरोक्तानुसार।**

भवदीय,

(विवेक कुमार)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रबंध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
3. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
4. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, चन्दौली।
5. मुख्य अभियन्ता (वारा0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी।
6. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी।

अधिशासी अभियन्ता

DEO PS SWSM CHANDAULI

Scanned with OKEN Scanner


# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), चन्दौली।

**समाचार पत्र में प्रकाशित खबर का विवरण एवं अद्यतन आख्या**


| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | समाचार पत्र एवं दिनांक | प्रकाशित शीर्षक | आख्या | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चन्दौली | दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला एवं दिनांक– 03.06.2026 | जर्जर पाइपलाइन से पांच हजार घरों तक पहुंच रहा दूषित पानी | जनपद चन्दौली में जल जीवन मिशन के अंतर्गत सूचीबद्ध फर्म मैसर्स जी0ए0 इन्फ्रा–बाबा द्वारा महाबलपुर पेयजल योजना के प्रस्तावित कार्यो को पूर्ण कर योजना का संचालन एवं अनुरक्षण किया जा रहा है वर्तमान में योजना की मुख्य पाइप लाइन में लीकेज होने के कारण कुछ गृह जल संयोजनो में दूषित पानी प्राप्त हो रहा है। उक्त योजनान्तर्गत परिलक्षित लीकेजो के तत्काल मरम्मत हेतु सम्बन्धित फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया। तद्क्रम में उक्त पाइप लाइन की मरम्मत का कार्य एवं नयी पाइप लाइन के माध्यम से जलापूर्ति कराने का कार्य प्रगति पर है। इस खण्ड कार्यालय के जू0ई0 एवं सहायक अभियन्ता द्वारा समय–समय पर स्थलीय निरीक्षण किया जा रहा है। जल्द ही पाइप लाइन की मरम्मत कराकर दूषित पानी प्राप्ति की समस्या से निदान करते हुए समस्त गृह जल संयोजनो में शुद्ध क्लोरीनयुक्त पेयजल आपूर्ति की जा रही है। | – |


अधिशासी अभियन्ता


Scanned with OKEN Scanner






Scanned with OKEN Scanner
















DEO PS SWSM CHANDAULI

# ...र पाइपलाइन से पांच हजार घरों तक पहुंच रहा दूषित पानी, VIDEO

Aman Vishwakarma

Updated Wed, 03 Jun 2026 07:35 PM IST




नियामताबाद विकासखंड के दुलहीपुर क्षेत्र में पिछले कई महीनों से पेयजल संकट गहराता जा रहा है। महाबलपुर स्थित लगभग 40 वर्ष पुरानी पानी टंकी से जुड़ी जर्जर पाइपलाइन के क्षतिग्रस्त होने से हजारों घरों में दूषित और बदबूदार पानी पहुंच रहा है। स्थिति यह है कि क्षेत्र के लगभग पांच हजार घर स्वच्छ पेयजल के लिए परेशान हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने और मुख्यमंत्री पोर्टल सहित विभिन्न माध्यमों से अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका। महाबलपुर जलापूर्ति योजना के तहत दुलहीपुर सहित आसपास के एक दर्जन गांवों में वर्षों से पानी की आपूर्ति की जा रही है। हालांकि जल जीवन मिशन के अंतर्गत नई पानी टंकी का निर्माण कार्य चल रहा है, लेकिन पुरानी पाइपलाइन कई जगह क्षतिग्रस्त होने से नालों का गंदा पानी पेयजल लाइन में मिल रहा है। इसके कारण घरों तक पहुंचने वाला पानी दूषित और बदबूदार हो गया है, जिससे जलजनित बीमारियों का खतरा बढ़ने लगा है।

विज्ञापन

Scanned with OKEN Scanner